संक्षिप्त समाचार.....

मुख्य सचिव ने केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव से की मुलाकात

नई दिल्ली/जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की विकास प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाते हुए मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन से मुलाकात की। बैठक में राजस्थान में एआई मिशन की गतिविधियों और साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के विषयों पर चर्चा हुई। इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन में हुई बैठक में प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मिशन की गतिविधियों को मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में राजस्थान में साइबर अपराधों से निपटने की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर भी चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने प्रदेश में साइबर अपराधों की रोकथाम और उन पर प्रभावी कार्रवाई के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराधों से निपटने के तंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया।

कानोड़िया कॉलेज की छात्राओं ने खेल प्रतियोगिताओं में रचा इतिहास, पाँच चैंपियनशिप में जीते 42 पदक

जयपुर। कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की छात्राओं ने राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सत्र 2026-27 की विभिन्न अंतर महाविद्यालयी महिला खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। छात्राओं ने बास्केटबॉल, तैराकी, शतरंज, बॉक्सिंग एवं जूडो की प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और उत्कृष्ट टीम भावना का परिचय देते हुए कुल 42 पदक अर्जित किए। इनमें तैराकी एवं जूडो में महाविद्यालय ने विजेता चैंपियनशिप प्राप्त की, जबकि बास्केटबॉल, शतरंज एवं बॉक्सिंग में उपविजेता का स्थान हासिल किया। अंतर महाविद्यालयी महिला तैराकी प्रतियोगिता में दिनांक 1 अक्टूबर 2026 को महाविद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण, 3 रजत एवं 1 कांस्य सहित कुल 11 पदक जीतकर विजेता का खिताब प्राप्त किया। वहीं दिनांक 30 अक्टूबर 2026 को आयोजित महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में टीम ने उपविजेता रहते हुए 12 रजत पदक अर्जित किए। दिनांक 28-29 सितंबर 2026 को आयोजित महिला शतरंज प्रतियोगिता में छात्राओं ने उपविजेता का स्थान प्राप्त करते हुए 5 रजत पदक हासिल किए।

बंद-बूंद पानी का संरक्षण और बिजली की हर यूनिट की बचत, सतत जीवनशैली की दिशा में जोधपुर की पहल

जोधपुर। प्रकृति के संरक्षण की शुरुआत छोटी-छोटी आदतों में बदलाव से होती है। इसी सोच को व्यवहार में उतारते हुए ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल कार्यक्रम के तहत सोमवार को जोधपुर जिले में जल संरक्षण एवं ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। इस पहल में पशुपालकों को जल के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करने से लेकर गौशालाओं में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था और सरकारी कार्यालयों में बिजली की खपत घटाने तक के प्रयास किए गए। अभियान के तहत अधिकारियों एवं संस्था प्रभारियों ने पशुपालकों को पशुओं के लिए पानी के दक्ष उपयोग, जल के अपव्यय पर रोक तथा उपलब्ध जल संसाधनों के संरक्षण के महत्व से अवगत कराया। गौशालाओं के संचालकों से संपर्क कर पानी की खेलों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा चूने एवं उपयुक्त मात्रा में फिटकरी के उपयोग से जल को स्वच्छ बनाए रखने के संबंध में जानकारी दी गई, ताकि पशुओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल मिल सके। वहीं, ऊर्जा संरक्षण को दैनिक कार्यशैली का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से सभी राजकीय कार्यालयों एवं संस्थानों में विशेष पहल की गई।

नेपाल में छिपकर रह रहा अफीम तस्करी का इनामी आरोपी सीकर में गिरफ्तार

सीकर। राजस्थान में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीकर जिला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 98.40 ग्राम अवैध एमडीएमए बरामद किया है। पुलिस ने अफीम तस्करी के पुराने मामले में करीब एक साल से फरार चल रहे 2 हजार रुपए के इनामी आरोपी हरिराम जाट (35) को गिरफ्तार किया है। आरोपी नेपाल में फरारी काट रहा था और हाल ही में सीकर पहुंचा था। यह कार्रवाई जयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश के निर्देशन तथा सीकर पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के पर्यवेक्षण में कोतवाली थाना पुलिस और जिला विशेष टीम (डीएसटी) ने संयुक्त रूप से की। एसपी संजीव नैन के अनुसार, शनिवार 31 अक्टूबर को डीएसटी के कांस्टेबल विजयपाल भाटी को गोपनीय सूचना मिली थी कि सदर सीकर थाने के पुराने एनडीपीएस मामले में वांछित और इनामी आरोपी हरिराम बाठोद अपनी क्षतिग्रस्त कार को टोचन करवाकर सीकर शहर में मरम्मत के लिए ला रहा है। आरोपी पर करीब 4 किलो अफीम तस्करी के मामले में कार्रवाई लंबित थी। सूचना मिलते ही कोतवाली थानाधिकारी सुनील कुमार और डीएसटी प्रभारी उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम को सक्रिय किया गया। पुलिस टीम तत्काल सालासर रोड पहुंची।

जल जीवन मिशन2.0पर केंद्र से मुख्य सचिव की सकारात्मक चर्चा

नई दिल्ली/जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में पेयजल सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के प्रयासों के क्रम में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्र सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव अशोक के. मीना से मुलाकात की। सीजीओ परिसर में हुई बैठक में राजस्थान में जल जीवन मिशन 2.0 से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने मिशन के तहत राजस्थान से संबंधित योजनाओं के आंकड़ों का समय पर मिलान करने तथा प्रदेश के लिए 3 हजार करोड़ रुपये की राशि समय पर जारी करने का विषय रखा। योजनावार आंकड़ों के समन्वय के लिए राज्य की ओर से प्रस्तुत समेकित प्रस्ताव से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में जल जीवन मिशन 1.0 और 2.0 के बीच मार्च 2024 से मार्च 2026 की अवधि में हुए व्यय से संबंधित राशि जारी करने पर भी चर्चा की गई।

जोधपुर में भाजपा की लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ रैली, मुख्यमंत्री आएंगे

जोधपुर। शहर में मंगलवार को आयोजित होने वाली भाजपा की लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ रैली को लेकर संगठन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस रैली में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री गांधी मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद गांधी मैदान से गोल बिल्डिंग तक पैदल यात्रा निकालेंगे। रैली की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा को लेकर विधायक अतुल भंसाली के आवास पर भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच की मौजूदगी में हुई बैठक में रैली की सफलता और मुख्यमंत्री के दौरे से जुड़ी व्यवस्थाओं पर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र पालिवाल, भाजपा नेता पवन आसोपा सहित पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान रैली में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ ही व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। भाजपा संगठन ने मुख्यमंत्री के दौरे, जनसभा और पैदल यात्रा के सफल आयोजन को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।

डबल इंजन सरकार में राजस्थान का हो रहा हाई-स्पीड विकास

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दिल्ली दौरों से इन्फ्रास्ट्रक्चर और मेगा प्रोजेक्ट्स में आ रही तेजी

नई दिल्ली/एजेंसी।



राजस्थान में डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में केंद्र और राज्य के मजबूत समन्वय से इन्फ्रास्ट्रक्चर और मेगा प्रोजेक्ट्स का हाई स्पीड विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने न केवल कल्याणकारी योजनाओं में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी स्थान हासिल किया है, बल्कि बुनियादी ढांचे के विकास के मोर्चे पर भी अभूतपूर्व प्रगति की है। मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरों और उच्चस्तरीय बैठकों ने राजस्थान की लंबित बड़ी परियोजनाओं के तेजी से पूरा होने का मार्ग प्रशस्त किया है, जिससे राज्य में निवेश और रोजगार के नए रास्ते खुले हैं। वर्तमान में केन्द्र सरकार की ओर से चल रही लगभग 2 लाख 61 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं में से 1 लाख 22 हजार करोड़ रुपये की 29 परियोजनाओं का काम 80 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है, जबकि प्रदेश में प्रगतिरत 82 केन्द्रीय परियोजनाओं पर अब तक 1 लाख 17 हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जा चुके हैं। केन्द्र सरकार द्वारा जारी पैमाना रिपोर्ट के अनुसार बाड़मेर में देश की पहली ग्रीनफील्ड रिफाइनरी की सौगात मिलने के बाद पेट्रोकेमिकल निकासी एवं विपणन टर्मिनल का कार्य भी 99 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। जोधपुर एयरपोर्ट पर घरेलू उड़ानों के लिए नए पैसेंजर टर्मिनल भवन का 480 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण किया गया है, जबकि उदयपुर एयरपोर्ट पर नए एकीकृत यात्री टर्मिनल भवन का निर्माण भी 88 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इसी प्रकार राजस्थान में ऊर्जा, रेलवे, सड़क परिवहन और औद्योगिक गलियारों से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाओं पर काम चल रहा है। विद्युत प्रसारण और वितरण क्षेत्र में 19 प्रमुख परियोजनाओं पर 98 हजार 759 करोड़ की लागत से कार्य हो रहा है।

इसमें राजस्थान रिन्यूएबल एनर्जी जोन फेज-चतुर्थ की बाड़मेर कॉम्प्लेक्स 6 गीगावाट सोलर प्रोजेक्ट और फतेहगढ़-द्वितीय ट्रांसमिशन सिस्टम जैसी विशाल परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, रेलवे सेक्टर के तहत बीकानेर-मेड़ता-जोधपुर, अजमेर-चित्तौड़गढ़-उदयपुर और सादुलपुर-रतनगढ़ रेल लाइन परियोजना सहित 22 बड़े प्रोजेक्ट्स पर 33 हजार 572 करोड़ से अधिक, राजमार्गों के 22 प्रोजेक्ट्स पर 16 हजार 241 करोड़ रुपये और शहरी सार्वजनिक परिवहन के तहत 14 हजार 222 करोड़ रुपये की लागत से कार्य प्रगति पर हैं। राज्य को मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने के लिए औद्योगिक विकास के क्षेत्र में जोधपुर-पाली-मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र जैसी परियोजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। साथ ही, माही बांसवाड़ा परमाणु विद्युत परियोजना जैसी बड़ी परियोजना की सौगात भी मिली है। जयपुर के चारों ओर यातायात के दबाव को कम करने के लिए 11 हजार 764 करोड़ रुपये की लागत से जयपुर रिंग रोड (उत्तर) परियोजना का कार्य केन्द्र सरकार के सहयोग से पूरा किया जाएगा।

मिशन लाइफ के तहत उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में मनाया जा रहा 'ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक'

जयपुर/एजेंसी।

भारत की वर्ष 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में 1 से 7 नवंबर तक 'ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक' मनाया जा रहा है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा मुख्य सचिव राजस्थान के निर्देशानुसार विभाग के सभी 41 जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्रों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

आयुक्त उद्योग एवं वाणिज्य श्री नीलाभ सक्सेना द्वारा विभागीय एवं जिला स्तरीय कार्यालयों में 'ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक' के आयोजन के निर्देश जारी किए गए हैं।

इसके तहत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, ऊर्जा की बचत तथा स्थायी एवं पौष्टिक खाद्य प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही एकल उपयोग प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने, ई-कचरे के उचित निस्तारण तथा अपशिष्ट




को कम करने के उपायों के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई जा रही है। कार्यालयों में पौधारोपण, स्वच्छता अभियान तथा पर्यावरण एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाने जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं।

मुख्यालय एवं जिला स्तरीय कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान में उद्यमियों एवं औद्योगिक संगठनों की भी सक्रिय भागीदारी है।

2047 के विकसित भारत की नींव आज के स्कूली बच्चे-सुधांश पंत

उदयपुर/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारतञ्च2047 के लक्ष्य को पूर्ण करने में आज के स्कूली विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। 20 साल बाद यही युवा इसकी नींव होंगे। आज के स्कूली बच्चों को कुशल, दक्ष, जिम्मेदार नागरिक और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना अति आवश्यक है। यह विचार केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सचिव सुधांश पंत ने विद्या भवन सोसायटी द्वारा आयोजित सीड-2 कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को बदलते विश्व के अनुरूप ज्ञान, मूल्यों और प्रायोगिक कौशल को उपलब्ध कराना जरूरी है। यह स्कूलों के माध्यम से ही संभव है।उन्होंने मिशन लाइफ पर फोकस करते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली की ओर प्रवृत्त करने का आह्वान किया और इसके लिए




अध्यापकों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत के लिए और वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान के लिए अध्यापकों को बच्चों को अभी से सीख देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के मिशन लाइफ, कैच द रैन, नशा मुक्ति अभियान, एक पेड़ माँ के नाम जैसी योजनाओ का हर विद्यालय प्रभावी क्रियान्वयन करे। बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए हमें आज से ही सकारात्मक प्रयास करने होंगे। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन एवं संस्कार आदतें जीवनभर साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि सतत विकास लक्ष्य की तरह हो विद्यालय विकास लक्ष्य निर्धारित हो जिसमें प्रतिवर्ष ऊर्जा खपत मे कमी, जल खपत मे कमी, जल बचत, कचरा उत्सर्जन मे कमी का आंकलन हो।

उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान अर्जित करने या परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं रहे तरह बदलते हुए जगत में विद्यार्थियों को स्कूल द्वारा किस तरह से तैयार किया जाये, जैसे महत्वपूर्ण विषयो को लेकर विद्या भवन द्वारा तीन दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन 'सीड-2' फॉर सस्टेनिंग फ्यूचर्स का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन की रूपरेखा हर्थ एडवाइजर्स द्वारा तैयार की गई है। प्रायोजक जे एस डब्लू एनर्जी तथा वीवा फाउंडेशन है।

इस आयोजन में शिक्षाविद्, विद्यालय प्रमुख, नीति निर्माता और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि एक मंच पर एकत्रित होकर विचार-विमर्श कर रहे है कि तेजी से बदलती दुनिया में बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए कैसे तैयार किया जाए।

राजस्व वृद्धि को कायम रखे, अवैध मदिरा पर अंकुश जरूरी, हाईवे पर अवैध साईनेज पर कार्रवाई करे - आबकारी आयुक्त

जयपुर/एजेंसी।



आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने कहा कि प्रदेश में पंचायतराज चुनावों के तहत आदर्श आचार संहिता पालना एवं दीपावली पर्व के मद्देनजर अन्य राज्य की अवैध मदिरा की तस्करी, अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय, परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए अंकुश जरूरी है। समस्त नेशनल हाईवे अवैध साईनेज व बोर्ड, होटल्स, ढाबों, समारोह स्थलों में अवैध मदिरा पर आबकारी निरोधक दल मुखबिर तंत्र की सहायता से प्रभावी कार्रवाई करना सुनिश्चित करे। आबकारी आयुक्त विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभागीय समीक्षा वीसी में विशेष निरोधात्मक अभियान, राजस्व, मुखबिर योजना, बीएफसी बैठक के लिए प्रस्ताव, बकाया वसूली पर विस्तृत समीक्षा कर निर्देश प्रदान किए।

हाईवे पर अवैध साईनेज, बोर्ड पर कार्रवाई करे- आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने वीसी में प्रदेश में एक से 7 नवम्बर तक जारी विशेष निरोधात्मक अभियान की अवधि में मदिरा दुकानों पर आबकारी एक्ट के नियमों की अवहेलना करने वाले मदिरा के अनाधिकृत विज्ञापन, अवैध प्रलोभन वाले साईनेज, अवैध होर्डिंग्स, बोर्ड पर प्रभावी कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही समस्त नेशनल हाईवे पर भी अनाधिकृत, अवैध मदिरा के विज्ञापनों पर जीरो टॉलरेंस के तहत कार्रवाई कर अभियोग दर्ज करेंगे। उक्त कार्य में शिथिलता पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। वीसी में विशेष निरोधात्मक अभियान की जोनवार समीक्षा कर अन्य राज्य की मदिरा तस्करी, हथकड़ मदिरा, नकली शराब, बिना लाईसेंस मदिरा विक्रय पर ठोस कार्रवाई के निर्देश देते हुए प्रत्येक जोन में एक बड़ी कार्रवाई के तहत अवैध स्पिरिट, मदिरा ट्रक पर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

कैबिनेट सचिव से मिले मुख्य सचिव

जयपुर। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की विकास प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाते हुए मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने मंगलवार को नई दिल्ली में सेवा तीर्थ में कैबिनेट सचिव डॉ. टी. वी. सोमनाथन से मुलाकात की। मुख्य सचिव ने उन्हें राजस्थान में डिरेगुलेशन एंड कम्प्लायंस रिडक्शन तथा ज्ञान भारतम् मिशन की प्रगति से अवगत कराया।



मुख्य सचिव ने बताया कि राजस्थान ने डिरेगुलेशन एंड कम्प्लायंस रिडक्शन के पहले चरण में आवंटित सभी 23 प्राथमिकता क्षेत्रों में कार्रवाई पूरी कर ली है। दूसरे चरण में आवंटित 28 प्राथमिकता क्षेत्रों में से 24 में की गई कार्रवाई पर केंद्र की सहमति प्राप्त हो चुकी है। शेष चार प्राथमिकता क्षेत्रों में से तीन में राज्य स्तर पर कार्यवाही जारी है, जबकि एक केंद्र स्तर पर विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि इन सुधारों के तहत भवन निर्माण, उद्योगों की स्थापना और व्यावसायिक स्वीकृतियों से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल बनाने के कदम उठाए गए हैं। इनका उद्देश्य अनावश्यक नियामकीय बाधाओं को कम कर प्रदेश में निवेश और व्यापार के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना है। मुख्य सचिव ने ज्ञान भारतम् मिशन के तहत पांडुलिपियों के सर्वेक्षण एवं डिजिटलीकरण की प्रगति की भी जानकारी दी। प्रदेश में अब तक 24,63,769 पांडुलिपियों का सत्यापित सर्वेक्षण पूरा हो चुका है।

केंद्र- राज्य समन्वय मजबूत करने के लिए मुख्य सचिव ने नई दिल्ली में की 19 बैठकें

जयपुर/एजेंसी। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की विकास प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने और केंद्र एवं राज्य सरकार के बीच समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने अपने दो दिवसीय नई दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्रियों, केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों एवं अन्य उच्च पदस्थ पदाधिकारियों के साथ 19 बैठकें कीं। इन बैठकों में राजस्थान की महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं, प्रशासनिक विषयों तथा केंद्र सरकार से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। मुख्य सचिव ने मंगलवार को केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की सचिव श्रीमती रचना शाह से मुलाकात कर कार्मिक एवं प्रशासनिक विषयों पर चर्चा की। इसी दौरान उन्होंने राजस्थान कैडर के अखिल भारतीय सेवा



अधिकारियों के साथ आयोजित दीपावली भोज में भी भाग लिया। मुख्य सचिव ने नई दिल्ली स्थित संकल्प भवन में केंद्रीय शहरी विकास सचिव श्री सतेंद्र सिंह से मुलाकात की। बैठक में जयपुर मेट्रो, पीएम ई-बस सेवा तथा शहरी विकास परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी शहरी निकायों ने स्वच्छता, सड़कों, स्ट्रीट लाइट और नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए 100 दिवसीय कार्ययोजनाएं तैयार की हैं। बैठक में जयपुर मेट्रो के विस्तार पर भी विचार-विमर्श हुआ। मुख्य सचिव ने बताया कि बड़ी चौपड़ से ट्रांसपोर्ट नगर तक 3.80 किलोमीटर लंबे मेट्रो विस्तार का कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त प्रहलादपुरा से टोडी मोड़ तक 41 किलोमीटर लंबे मेट्रो के दूसरे चरण में 36 स्टेशन प्रस्तावित हैं। मुख्य सचिव ने पीएम ई-बस सेवा के अंतर्गत प्रदेश के आठ शहरों में प्रथम चरण के लिए स्वीकृत 675 इलेक्ट्रिक बसों तथा दूसरे चरण में स्वीकृत 475 अतिरिक्त बसों की प्रगति से भी अवगत कराया।

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा द्वारा)

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज कारखाना, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम व स्थान** : Provision of Exhaust air arrangement for Lavatories of LHB/EOG Coaches at Carriage workshop, NWR, Jodhpur. (24 Months) **2. कार्य की अनुमानित लागत** : रू. 4088023.68 (रू चालीस लाख अठासी हजार तेईस और अड़सठ पैसे मात्र) **3. बयाना राशि जो जमा करनी है** : रू. 81800.00 (रूपये इक्यासी हजार आठ सौ मात्र) **4. ई–निविदा जमा करने की अन्तिम दिनांक व समय** : 26.11.2026 को 15.00 बजे तक **तथा ई–निविदा खोलने की दिनांक व समय** : 26.11.2026 को 15.00 बजे के बाद **5. वेबसाईट विवरण जहां से ई–निविदा सम्बन्धित पूर्ण विवरण प्राप्त किया जा सकता है** : www.ireps.gov.in **6. कार्यालय का पता जहां से निविदा जारी की गयी** : मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय, कैरिज कारखाना, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर–342001 राजस्थान **1588-DE/26**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

युवा भविष्य के नहीं, वर्तमान के राष्ट्र निर्माता : देवनानी

जयपुर/एजेंसी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इसकी वास्तविक शक्ति युवा में निहित है। लगभग 140 करोड़ जनसंख्या वाले देश में करीब 60 करोड़ युवा हैं। विशाल युवा शक्ति की आकांक्षाओं, अपेक्षाओं और विचारों को नीति निर्माण में उचित प्रतिनिधित्व आवश्यक है। श्री देवनानी ने कहा कि युवा अब भवि?य के नागरिक ही नहीं, बल्कि वर्तमान के राष्ट्र निर्माता भी है। समर्थ भविष्य विषय पर आयोजित युवा सेमिनार को सम्बोधित कर रहे थे। राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा द्वारा आयोजित इस युवा संवाद का स्पीकर श्री देवनानी और संघ के सचिव श्री संदीप शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। श्री देवनानी की पहल पर विधान सभा सदन में आरम्भ हुए युवा संवाद का यह छठवां कार्यक्रम है। प्राचीन वैभव और आधुनिक विकास में



समन्वय - श्री देवनानी ने कहा कि भारत आज विश्व में निर्णायक भूमिका निभाने वाले राष्ट्र के रूप में उभर रहा है।

युवाओं की प्रतिभा, परिश्रम, नवाचार और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवा शक्ति की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवा देश के संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक परंपराओं और संसदीय व्यवस्थाओं का गहन अध्ययन करें तथा राष्ट्र के प्राचीन वैभव और आधुनिक विकास के बीच समन्वय में भूमिका निभाएं।

असहमति और संवाद के बीच संतुलन ही लोकतांत्रिक परिपक्वता- श्री देवनानी ने कहा कि लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है, लेकिन असहमति और संवाद के बीच संतुलन स्थापित करना ही लोकतांत्रिक परिपक्वता है।

संवाद के माध्यम से सहमति के रास्ते तलाशना तथा मतभेदों का संवैधानिक और शांतिपूर्ण

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर वृत्त (दक्षिण), जयपुर

क्रमांकःएफ.2 (के) II/148/2026-27/5040-52 दिनांकः 23.10.26

निविदा संख्या 12-19/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस वृत्त के अधीन विभिन्न कार्यों के लिए उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निर्धारित पत्र में मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रम संख्या	निविदा संख्या	UBN No.
1.	12/2026-27	PHE2627WSRC06766
2.	13/2026-27	PHE2627WSRC06772
3.	14/2026-27	PHE2627WSRC06774
4.	15/2026-27	PHE2627WSRC06775
5.	16/2026-27	PHE2627WSRC06779
6.	17/2026-27	PHE2627WSRC06780
7.	18/2026-27	PHE2627WSRC06781
8.	19/2026-27	PHE2627WSRC06782

(केशव श्रीवास्तव)
अधीक्षण अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर वृत्त (दक्षिण), जयपुर।

डीआईपीआर/सी/18047/2026 मो0 न0:- 94133-48351

उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि.

UMMEED HOUSING FINANCE We bring your dreams to life

सीआईएन : U64990HR2016PTC057984
पंजीकृत कार्यालय : यूनिट 2009-14, 20वीं मंजिल, मैग्नम ग्लोबल पार्क, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर-58, गुरुग्राम (हरियाणा)-122011

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु पश्चातवर्ती विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी पश्चातवर्ती विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी/सह-ऋणी/जमानतदार को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, उसका भौतिक कब्जा मैसर्स उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक 11.08.26 को लिया जा चुका है। प्रतिभूत/बंधक आस्तियों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से "जैसी है जहाँ है", "जैसी है जो है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर की जाएगी।

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम HTTPS://WWW.BANKEAUCTIONS.COM के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

संपत्ति का विवरण :
पट्टा संख्या 34, बुक संख्या 63, दिनांक 20.01.2022, खसरा संख्या 4338, भूमि माप 1200 वर्ग फुट, स्थित ग्राम पिपली नगर, ग्राम पंचायत पिपली नगर, पंचायत समिति-भीम, तहसील-भीम, राजसमंद की संपत्ति का समस्त भाग एवं अंश। **सीमाएँ: उत्तर-** देवीसिंह पुत्र हजारी सिंह का भूखंड **दक्षिण-** गोवर्धन नाथ का मकान **पूर्व-** बहिरू जी का मंदिर **पश्चिम-** आम रास्ता

ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता	1. नीलामी की तिथि एवं समय 2. धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 3. संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	1. आरक्षित मूल्य 2. संपत्ति की धरोहर राशि (ईएमडी) 3. बोली वृद्धि राशि
1. मूल नाथ पुत्र छुटर नाथ (ऋणी) 2. गीता देवी पत्नी मुल नाथ (सह-ऋणी) दोनों निवासी- पेला वाडिया, पिपली नगर, पीपली, देवगढ़, राजसमंद, राजस्थान-313331 **ऋण खाता सं. (LAN) LXBHI02922-230016809 ऋण अनुबंध दिनांक : 20-मई-2022 ऋण राशि रु. 4,00,000/- दिनांक 11-अगस्त-2026 तक कुल बकाया राशि रु. 7,98,357/- + दिनांक 12-अगस्त-2026 से आगे का ब्याज एवं अन्य प्रभार।**	**1) नीलामी तिथि- 25.11.2026 प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक, 5 मिनट के असीमित विस्तार सहित 2) केवाईसी सहित ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 23.11.2026 सायं 5:00 बजे (IST) तक निरीक्षण की तिथि : 20.11.2026 प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक (IST)**	**आरक्षित मूल्य : रु. 5,00,000/- धरोहर राशि (ईएमडी): रु. 50,000/- बोली वृद्धि राशि : रु. 10,000/- एवं इसके गुणकों में।**

नीलामी के नियम एवं शर्तें
ऑनलाइन नीलामी बिक्री के बोली दस्तावेज, घोषणा पत्र, सामान्य नियम एवं शर्तें सेवा प्रदाता की वेबसाइट https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध हैं। इच्छुक बोलीदाता सहायता नंबर 7291981124,25,26 एवं श्री भाविक पंड्या 8866682937, सहायता ईमेल आईडी: support@bankeauctions.com (सेवा प्रदाता सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) या auction@ummeedhfc.in पर संपर्क कर सकते हैं तथा संपत्ति संबंधी किसी भी जानकारी हेतु उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि. से **संपर्क नंबर -18002026127** पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक : 04-नवंबर-2026
स्थान : गुरुग्राम, हरियाणा

ह./- प्राधिकृत अधिकारी, टोल फ्री नं. 1800-2026-127
कृते उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, **सम्पादक अमृत जैन के लिये,** यंगलीडर प्रेस से मुद्रित 2073, चाकसू का चौक, घी वालों का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर से प्रकाशित। **मो. 9868155089, 9829193560 फोन नं.** 0141-2570653 (**RNI No. RAJHIN/2004/12833**)